बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 339/2024

ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्रदत सभी गैर सरकारी संस्थान में प्रशिक्षण सत्र 2024–26 में नामांकन के संबंध में डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 उत्तीर्ण व पात्र विद्यार्थियों एवं संबंधित प्राचार्य के लिये आवश्यक सूचना

समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 236/2024 के माध्यम से डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 में उत्तीर्ण एवं पात्र अभ्यर्थियों से राज्य अन्तर्गत डी०एल०एड० पाठ्यक्रम संचालित NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से संबद्धता प्रदत प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024–26 में नामांकन हेतु, ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किए गए थे। अभ्यर्थियों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदन व प्रशिक्षण संस्थानों के विकल्प के आधार पर एवं अन्य प्रावधानों के आलोक में, विभागीय निदेशानुसार प्रथमतः राज्य के सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु नियमानुसार सीट आवंटन तथा नामांकन की कार्रवाई की गई है।

2. उपर्युक्त विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 236/2024 के आलोक में डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 में उत्तीर्ण एवं पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन प्राप्त आवेदन व प्रशिक्षण संस्थानों के विकल्प के आधार पर राज्य के गैर–सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु, नियमानुसार, **"गैर–सरकारी संस्थानों में नामांकन हेतु प्रथम चयन सूची"** तैयार कर जारी की जानी है। डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 में उत्तीर्ण एवं पात्र जो अभ्यर्थी राज्य के सरकारी डी०एल०एड० संस्थानों में अंतिम रूप से नामांकित हो चुके हैं, उनका चयन गैर–सरकारी संस्थानों में नामांकन हेतु नहीं किया गया है। **गैर–सरकारी संस्थानों में नामांकन हेतु चयन सूची जारी किए जाने एवं नामांकन की अन्य गतिविधियों की समय–सारणी निम्नवत् है :–**

महत्वपूर्ण तिथियाँ

क्र०सं०	कार्य	तिथि
i	गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थान में नामांकन हेतु प्रथम चयन सूची जारी होने की तिथि	**23.09.2024**
ii	नामांकन की अवधि	**24.09.2024 से 28.09.2024 तक**
iii	विद्यार्थियों द्वारा नामांकन के पश्चात् स्लाइड अप की प्रक्रिया के लिये ऑनलाईन आवेदन की अवधि	**24.09.2024 से 28.09.2024 तक**
iv	प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर Login कर अंतिम रूप से सीट Updation किया जाना	**30.09.2024 तक**
v	गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में जिस विद्यार्थी का चयन प्रथम चयन सूची में कहीं भी नहीं होता है, उसके लिये नया विकल्प भरने अथवा पूर्व के विकल्प में परिवर्तन करने की अवधि (सीट रिक्त रहने की स्थिति में लागू होगा)	**01.10.2024 से 03.10.2024 तक**

3. चयन सूची एवं चयनित सभी आवेदकों के संस्थान चयन से संबंधित सूचना पत्र समिति के पोर्टल https://www.deledbihar.com पर अपलोड रहेगा, जिसे Login ID एवं Password के उपयोग से देखा जा सकेगा/ डाउनलोड किया जा सकेगा। जिन आवेदकों का चयन इस सूची में नहीं हो सका है, उन्हें भी इस आशय की सूचना उक्त पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है।

4. समिति की उपर्युक्त वर्णित विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 236/2024 में संस्थानों के लिए सीट आवंटन एवं नामांकन संबंधी विस्तृत प्रक्रिया उल्लिखित है।

5. यदि उक्त प्रक्रिया में कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो इमेल आई॰डी॰ **deledhelpdesk1@gmail.com** पर अथवा मोबाईल नम्बर **9430029358** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)